तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा



4 खदान में लगातार हो रहे हैवी ब्लॉस्टिंग से हरदीबाजार के रहवासी दहशत में




## खबर संक्षेप

### बांगो बांध के तीनों गेट को किया गया बंद

**कोरबा।** हसदेव बांगो बांध के कैचमेट इलाके में पानी आने का सिलसिला कम होते ही शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे बांध का जलस्तर नियंत्रण में होने के कारण सभी गेटो को पूरा बन्द कर दिया गया है। वर्तमान में पानी की आवक 8351 क्यूसेक है एवं जलविद्युत संयंत्रों की तीन इकाइयाँ पूरी क्षमता से चल रही हैं और 9000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बांध का वाटर लेवल बढ़ने की वजह से बांध के 3 गेट खोले गए थे।

### मिनी माता सम्मान हेतु नामांकन 26 तक

**कोरबा।** अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य की एक महिला/अशासकीय संस्था को मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। जिसके तहत एक महिला/संस्था को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा छान-बीन के बाद सर्वश्रेश्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को भेजी जाएगी। इसी तरह महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से माता बहादुर कलारिन सम्मान प्रदान किया जाता है। जिसके तहत एक महिला को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा छान-बीन के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को भेजी जायेगी।

### नंबर प्लेट में लगा होगा क्यूआर कोड, मकान सहित सभी जानकारी होगी उपलब्ध

# शहर के हर घर में लगेगी नंबर प्लेट स्कैन करते ही मिलेगी पूरी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डों में स्थित मकानों में नंबर प्लेट लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नंबर प्लेट लगाने के पहले सभी वार्डों में सर्वे का काम जारी है। एक्सिस व महाराष्ट्र बैंक सहित अन्य बैंक नंबर प्लेट लगाने में सहयोग दे रहे हैं। मकानों में लगाए गए नंबर प्लेट में एक क्यूआर कोड भी अंकित रहेगा, जिसे स्कैन करते ही मकान मालिक के नाम सहित मकान की संपूर्ण जानकारी पता चल जाएगी।

यह कवायद शहर के राजस्व में वृद्धि और संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के उद्देश्य से की जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी संपत्तियों का सही ढंग से मूल्यांकन और कर लगाया जाए। जिससे संपत्ति कर को अधिक प्रभावी ढंग से एकत्र किया जा सकेगा और कर चोरी पर लगाम लगाई जा सकेगी। इसके अलावा शहर के प्रत्येक घर की सही पहचान और रिकार्ड उपलब्ध रहेगा। प्रत्येक मकान पर एक विशिष्ट नंबर प्लेट लगेगी जो उस संपत्ति की पहचान करेगी। इससे निगम को सभी संपत्तियों के मालिक, उनके स्थान और करों के सटिक जानकारी रखने में मदद मिलेगा। इस नंबर प्लेट में संबंधित मकान का नंबर, वार्ड का नाम-नंबर और पूरा पता होगा। ऐसा करके शहर के सभी पतों को एक सीक्वेंस में किया जाएगा। इसकी एक वजह ये भी है कि नगर निगम को इसके जरिए प्रापर्टी टैक्स वसूल करने में भी ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। 90 फीसदी पते मकान नंबरों पर आधारित न होकर आसपास की किसी लैंडमार्क जगह या भवन पर आधारित हैं। यही नहीं पतों में समरूपता भी नहीं है। दो दशक पहले निगम ने घरों में नंबरिंग की थी, लेकिन अब यह बेमानी हो चुका है, क्योंकि इस अवधि में मकानों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। पुराने नंबर के आधार पर मकान ढूंढना अब लगभग असंभव है। इसलिए नंबरिंग सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है।

#### हर साल होगा अपडेट

अगर दो मकानों के बीच प्लाट है तो उसे भी नंबर दिया गया है। इन प्लाट्स पर जैसे ही मकान बनेंगे, प्लाट नंबर रद्द हो जाएगा तथा वहां नया मकान नंबर अलाट हो जाएगा। अगर दो मकानों के बीच प्लाट है और मकानों का नंबर 30 तथा 31 है, तो प्लाट पर जो मकान बनेगा, उसका नंबर 30 बटा 2 रहेगा। यह नंबर निर्माण के बाद लोग खुद ही निगम जाकर आवंटित करवा सकेंगे और नंबर प्लेट ले लेंगे।

#### लगाया जाएगा नंबर प्लेट

निगम क्षेत्र के सभी मकानों का सर्वे कार्य किया जा रहा है जिसके बाद मकानों में नंबर प्लेट लगाया जाएगा। जिस नंबर प्लेट में एक क्यूआर कोड दर्ज होगा। जिसे स्कैन करते ही मकान मालिक सहित संपत्ति व टैक्स से संबंधित सभी जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सकेगी। इस क्यूआर कोड के जरिये शिकायत भी दर्ज कराई जा सकेगी।

\- **अनिमेष सिंह,** संपदा अधिकारी, ननि कोरबा

### छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कोरबा प्रवास 21 व 22 को

**कोरबा।** पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा आरएस विश्वकर्मा आईएएस तथा सदस्य नीलांबर नायक, बलदाउ राम साहू, हरिशंकर यादव, यशवंत सिंह वर्मा, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा, कृष्णा गुप्ता एवं सचिव अमित श्रीवास्तव 21 एवं 22 सितंबर को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। वे अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। शाम 6 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स एसोसिएशन अरेना कोरबा द्वारा आयोजित बैडमिंटन लीग प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे एवं रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे 22 सितंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागों द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग के भागीदारी एवं जनगणना के डाटा प्रतिष्टि के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

# सूने मकान व स्कूल को चोरों ने बनाया निशाना, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने एक मकान व स्कूल को निशाना बनाया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपराध दर्ज कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीडुग्गू कुम्हार मोहल्ला निवासी जवा कुम्हार उम्र 35 वर्ष पिता बलीराम कुम्हार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रेत घाट नदी किनारे जवा कुम्हार और उसका परिवार दो सप्ताह पहले अपने गृहग्राम डिकसी जिला जांजगीर गये थे। 18 सितंबर को सुबह 10 बजे अपने घर वापस आया तो देखा बाहर से ताला बंद था। ताला खोलकर दरवाजा को अंदर की तरफ धकेलने पर नहीं खुला दरवाजा के नीचे से घर के अंदर देखने पर घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। बगल के दीवार के उपर चढकर देखने पर घर के उपर का सीट तोड दिया गया है। उसी में सीढी लगाकर जवा कुम्हार अंदर घुसा और देखा कि घर से सिलाई मशीन, सीलिंग पंखा, होम थेयटर, ड्रील मशीन, कांस का लोटा सहित कुल 10 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने माल कर दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना पसान थाना क्षेत्र की है। यहां निवासरत जगदीश सिंह पैकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि माध्यमिक शाला खम्हकरिया का ट्यूबवेल, मध्यान्ह भोजन का खाद्य सामाग्री एवं गैस सिलेंडर व गैस चुल्हा को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

#### विद्युत पोल चोरी के मामले में अपराध दर्ज

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंद्रीपाली निवासी सहायक अभियंता बी०के० धारिया पिता बी०आर० धारिया ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 सितंबर को शेख रीजवान द्वारा बताया गया कि डीएव्ही स्कूल खरमोरा के पास विद्युत खंभा को चोरी कर लिया गया है। जिसका स्थल निरीक्षण करने पर पाया गया कि 16 नग 13 मी० एच बीम पोल को किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट कर चोरी कर लिया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# दंतैल से वृद्ध का हुआ सामना, बाल- बाल बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों के आमदरफ्त से वनांचल में बसने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम तनेरा (जलके) सर्किल में शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। लगभग सुबह 4 बजे गांव के निवासी शिवराम पिता धन सिंह दिशा मैदान के लिए निकले थे। इसी दौरान उसका सामना अचानक एक लोनर हाथी से हो गया। लोगों ने बताया कि शिवराम ने भागने की कोशिश की लेकिन हाथी ने उसे अपनी सूंड से पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिक्षेत्र सहायक अधिकारी अयोध्या प्रसाद सोनी, वनरक्षक सुरेश कुमार यादव तथा गजराज दल की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल घायल को इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया गया।



हाथी के हमले से घायल युवक।




## खबर संक्षेप



### नव पदस्थ अधीक्षण अभियंता से मिला बिजली कर्मचारी महासंघ

**कोरबा।** वृत्त कार्यालय में नवपदस्थापित अधीक्षण अभियंता बीके सरकार से छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वृत्त सचिव यशवन्त राठौर ने संघ के सभी साथियों का परिचय कराया तथा आपसी समन्वय से संगठन को सहयोग प्रदान करने की बात रखी गई। प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने अधीक्षण अभियंता को हैंडबिल देकर महासंघ के सुचारू रूप से जारी आंदोलन के संबंध में अवगत कराते हुए सहयोग की अपेक्षा की। इसके पश्चात सभी साथियों को राष्ट्रीय श्रम दिवस के बारे में अवगत कराते हुए भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों से अभिभूत होकर आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही हनुमान मंदिर, विद्युत परिसर कार्यालय में मारुति विद्युत सेवा समिति के तत्वावधान में विश्वकर्मा बाबा का पूजन कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा, वृत्त के अध्यक्ष सलिल शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष गजेन्द्र कौशिक, महिला प्रतिनिधि रंजनी ओगरे, रामबाई मर्सकोले, प्रचार सचिव सतीश साहू,जयंत देवांगन, विशाल सिंह, देवानंद बढ़ई, हरिश राठौर, बसंत पटेल, उदय भानू, सूरज दास उपस्थित रहे।

### कृषि विस्तार अधिकारी ने किसानों को सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार भवन में शुक्रवार को कृषि विभाग की तरफ से बैठक रखी गई थी। जिसमें ग्राम सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, मनमोहन खांडे (पंच), भानु प्रताप सिंह कंवर(पंच), ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुमीत लडेर सहित 17 कृषक उपस्थित हुए। बैठक मे कृषि विभाग मे चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमे प्रमुख रूप से एग्री स्टैक मे किसान पंजीयन, केएसवाई योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, धान के अलावा अन्य फसल की खेती तथा कीट व्याधि जिसका उपयोग करने और छोटी छोटी जानकारी के अभाव में किसान भाई सरकार की चलाईं जा रही योजना, उसके लाभ से वंचित हो जाते । कुछ किसान भाईयों को तो योजनाओं के बारे में पता नहीं चलता है । इस बैठक का उद्देश्य केवल और केवल किसान भाईयों को अपनी मेहनत के साथ सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराना है और अधिक से अधिक लाभ ले सकें।

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष के लिए नामांकन 26 तक

**कोरबा।** शासन द्वारा महिलाओं के साहस, शौर्य, वीरता एवं आत्मबल को सशक्त बनाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली राज्य की महिला प्रतिभाओं को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। सम्मान अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों की छानबीन कर सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को प्रेषित की जाएंगी। इच्छुक पात्र महिला आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 26 सितंबर 2025 तक कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरबा में जमा कर सकती हैं। निर्धारित आवेदन प्रारूप कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा इसका अवलोकन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी किया जा सकता है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जिला नोडल संस्था, प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जिले की विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित व्यवसायों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु प्रशिक्षण अधिकारियों के स्वीकृत पद के रिक्त पदों के विरूद्ध प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के लिए मेहमान प्रवक्ता गेस्ट लेक्चरर के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोरबा में स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटरियल एस्टेट (हिंदी) 01 पद, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पाली में फिटर 1 पद और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, करतला में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) 01 पद रिक्त है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 3 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा जिला नोडल संस्था, प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोरबा (छ.ग.) में जमा कर सकते हैं। आवेदन की पात्रता, शैक्षणिक तकनीकी योग्यताएं एवं अन्य आवश्यक शर्तें निर्धारित मापदंडों के अनुसार रहेंगी। विस्तृत जानकारी हेतु जिले के वेबसाइट का अवलोकन एवं जिला नोडल संस्था कार्यालय आईटीआई कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक

# प्रदेश स्तरीय बैठक में ठेकेदारों का फूटा गुस्सा, काम ठप करने की तैयारी में ठेकेदार




प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल ठेकेदार संघ के पदाधिकारी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

छत्तीसगढ कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक में ठेकेदारों ने अधिकारियों की मनमानी पर आक्रोश जताया। ठेकेदारों ने कहा कि उन्हें महीनों से भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों द्वारा तरह-तरह से परेशान किया जाता है। कार्य हो जाने के बावजूद भुगतान के लिए महीनों तक घुमाया जाता है। रिश्वत लिए बिना अधिकरी बिल पास नहीं करते हैं। स्वयं का पैसा लगाकर ठेकेदार इस उम्मीद से कार्य करते है कि कम से कम कार्य होने के बाद भुगतान हो जाएगा, लेकिन अधिकारी अपनी मनमानी करते हैं। अधिकारीयों के रवैये के कारण सरकार बदनाम हो रही है।

बैठक में कई ठेकेदारों ने अधिकारियों की मनमानी पर आक्रोश जताते हुए कई महीनों से भुगतान न होने, कार्य में आ रही परेशानी को लेकर अपनी समस्या वताई। समस्याओं पर चर्चा कर एक राय से निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव सहित उच्चधिकारियों से मिलकर शिकायत करेंगे। मांगो को लेकर प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात भी करेगा। ठेकेदारों ने कहा भुगतान के लिए जब विभाग में अर्जी लगाते है तो अधिकारी जानबूझ कर तरह-तरह के सवालों से परेशान करते है, अनेक अधिकारी तो खुलकर रिश्वत की मांग करते है। यदि ठेकेदार रिश्वत न दे तो उनकी भुगतान फाइल अटकी रह जाती है। कई जिलों में 8 महीनों से भुगतान नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारियों की प्रताड़ना ठेकेदारों ने बताया कि स्पॉट इंस्पेक्शन के नाम पर अधिकारी दिन में नहीं बल्कि रात में टॉर्च की रोशनी में मुआयना करते है। ठेकेदारों को बुलाया नहीं जाता उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। तरह-तरह से नोटिस थमाया जा रहा है। ठेकेदार जीएसटी की नियमावली से भी परेशान है, उस पर करोड़ों रुपए का कर्ज हो चुका है। अब और कर्ज लेकर काम करने में असमर्थ है। अधिकारियों की मनमानी पर अंकुश ठेकेदारों का कहना है कि ठेकेदार यदि एकजुट होकर अधिकारियों की मानमानी का विरोध करें तभी समस्या का समाधन हो सकता है। बैठक में यह मुद्दा भी आया कि कुछ ठेकेदार अपना काम निकालने के लिए अधिकारियो की चाटुकारिता करते है। यदि एसोसिएशन एकजुट हो जाए तो अधिकारियों के मनमानी पर अंकुश लगाया जा सकता है। रायपुर कोरबा, जगदलपुर, कांकेर, कवर्धा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, सहित अनेक जिलो से आऐ ठेकेदारा का कहना था वे सही काम करना चाहते है, लेकिन अधिकरी करने ही नहीं देते।

**खास बातें**

- अधिकारियों पर मनमानी पर लगाया आरोप
- भुगतान के लिए लगवाया जाता है चक्कर

**एकजुट हो चुके हैं ठेकेदार**

छत्तीसगढ कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भर के ठेकेदार एकजुट हो चुके हैं। मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया है। साथ हि उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल जीवन मिशन, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मंडीबोर्ड नगर निगम सहित अनेक विभाग के ठेकेदार शामि रहे। उक्त बैठक में कोरबा जिला अध्यक्ष राजेंन्द्र तिवारी, सचीव असलम खान, वरिष्ट ठेकेदार संतोष खर्रे, एवं अंकित सक्सेना, अंकुश मिश्रा, सहित कई सदस्यो ने उक्त बैठक में भाग लिया।

## हिन्दुत्व हुंकार रैली को संबोधित करेंगे विधायक टाइगर राजा




प्रेसवार्ता को संबोधित करते विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

जिले में 21 सिंतबर को धर्मांतरण और लव जिहाद को लेकर होने वाली हिन्दुत्व हुंकार रैली को तेलांगना के विधायक टाइगर राजा संबोधित करेंगे। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा टीपी नगर से घंटाघर चौक तक महारैली का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं की जुटने की जानकारी सामने आयी है।

प्रेसक्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख ऋषि मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में धर्मांतरण का कार्य बड़े जोरों से चल रहा है जिसके खिलाफ विहिप के द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सरकार से मांग की जा रही है कि ऐसे संगठनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर उन पर प्रतिबंध लगाया जाए। राजधानी से लेकर प्रदेश के अन्य जिलों तक धर्मांतरण मतांरण के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद विरोध प्रदर्शन करते आ रहा है। इसी सिलसिल में 21 सितंबर को तेलांगन के विधायक टाइगर राजा शहर के घंटाघर चौक में विहिप एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित हिन्दुत्व हुंकार रैली को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व कटघोरा में उनका स्वागत कर उनका शहर में प्रवेश कराया जाएगा और टीपी नगर से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों में उनकी रैली निकाली जाएगी। जो घंटाघर सभा स्थल में समाप्त होगी। श्री मिश्रा ने बताया कि रैली में विहिप और बजरंग दल के लगभग 10 हजार कार्यकर्ताओं के जुटने की तैयारी की गई है। प्रेसवार्ता में विजय राठौर, घनश्याम कौशिक, दीपक मित्तल, गौरव मोदी, राणा मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

**खास बात**

- 21 सितंबर को टीपी नगर से घंटाघर चौक तक निकलेगी महारैली

## भव्य रूप से मनाई जाएगी महाराज अग्रसेन जयंती

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



महाराजा अग्रसेन की जयंती अग्रवाल सभा द्वारा मनायी जाएगी। इस संबंध में अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती 22 सितम्बर के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे सीतामणी रोहतास अग्रवाल के निवास से महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी। जो सीतामणी चौक से पुराना बस स्टैंड रेलवे फाटक मुख्य मार्ग होते हुए पावर हाउस रोड, एसएस प्लाजा से वापस पावर हाउस रोड होते हुए दर्री रोड स्थित श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में सभा के रूप में शामिल होगी। श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर रीयल इस्पात एण्ड पवार लिमिटेड रायपुर के चेयरमेन राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि रूप में हमारे बीच उपस्थित रहेंगे। अन्य मंचीय कार्यक्रमों में अग्रवाल सभा द्वारा इस वर्ष सास्कृतिक कार्यक्रम, महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को परितोषिक वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल ने सभी अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि वे महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा व मंचीय कार्यक्रम में अधिक अधिक संख्या में अपनी उपस्थितियों दर्ज करायें।

## डीईओ और बीईओ दफ्तर में पदस्थ कर्मियों के प्रभार में होगा बदलाव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

लंबे समय जिला शिक्षा विभाग और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक ही शाखा का प्रभार देख रहे हैं। कर्मचारियों के प्रभार बदलने का आदेश शिक्षा मंदिर के द्वारा दिए जाने के बाद कोरबा, करतला, पाली पोड़ी उपरोड़ा और कटघोरा विकासखंड कार्यालय में पदस्थ कर्मियों के प्रभार में अगले महीने से बदलाव की कार्यवाही शुरु हो जाएगी।

शिक्षा विभाग में लंबे समय से एक ही शाखा को कर्मचारी देख रहे हैं। प्रभार में बदलाव नहीं होने के कारण कई कर्मचारी शाखा पर ऐसी पकड़ बनाए रहते हैं जिससे उस शाखा का कामकाज नहीं सीख पाते। स्थिति यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी बदल जाते हैं किंतु बाबू के कार्यों कोई बदलाव नहीं होता। जिसकी वजह से उनकी मनमौजी हावी रहती है। कई बार जिला शिक्षा अधिकारी को भी इन बाबूओं के द्वारा अपने हिसाब से गलत जानकारी दे दी जाती है। वहीं विभागीय कार्यों से दफ्तार आने वाले सरकारी स्कूलों के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं को भी जानकारी नहीं मिल पाती। जिसकी वजह से कई विभागीय काम महीनों से लंबित रहते हैं। जिले में कई जिला शिक्षा अधिकारी बदल गए किंतु बाबू के प्रभार में अभी तक बदलाव नहीं हुआ है। इसी तरह विकाखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बाबूओं के एक ही शाखा का लंबे समय से प्रभार देखने से शासकीय योजनाओं की फाइलें दबी रहती है। दोनों ही दफ्तर में कुंडली मारकर बैठे बाबूओं पर अब कार्यवाही करने के निर्देश मिल चुके हैं।

**खास बातें**

- शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद सभी दफ्तरों से तैयार हुई जानकारी
- लंबे समय से एक ही प्रभार को देख रहे थे कर्मचारी

**सेवा पुस्तिका संधारण नहीं होने की शिकायतें**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की शिकायत सबसे ज्यादा जिला मुख्यालय पहुंचती है यहां शिक्षकों के सेवा पुस्तिका के संधारण नहीं होने से पुस्तिका के रिकार्ड में छेड़छाड़ करने एवं पुस्तिका के गुम होने की शिकायतें प्रमुख रुप से रहती है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने सेवा पुस्तिका संधारण के लिए महीनों तक बाबुओं के चक्कर काटने पड़ते हैं। तब जाकर उनके पार्ट फाइनल एवं सेवा पुस्तिका के संधारण सहित पेंशन की जानकारी टेजरी भेजी जाती है। सेवानिवृत होने के दो से तीन माह बाद ही जाकर सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन मिलने की शुरुआत होती है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



मध्य भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में तीसरे वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर सिर एवं गर्दन के जटिल कैंसर की लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कैंसर विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर प्रतिभागियों के ज्ञान और तकनीकी समझ को मजबूत किया।

इस कार्यशाला का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ.अनिल डी क्रूज़, निदेशक ऑन्कोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई) और डॉ.गौरी पंतवैद्य, प्रोफेसर एवं प्रमुख, सिर एवं गर्दन ऑन्कोसर्जरी विभाग, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई ने किया। देशभर के अग्रणी कैंसर संस्थानों से जुड़े कैंसर सर्जन ने सत्र को और भी समृद्ध बनाया तथा प्रतिभागियों को जटिल सर्जिकल निर्णयों की बारीकियों से अवगत कराया। सिर एवं गर्दन के कैंसर की बढ़ती संख्या पर चर्चा करते हुए डॉ. अनिल डी क्रूज़ ने कहा कि पिछले तीन दशकों के दौरान कैंसर की घटनाओं, खासकर थायरॉइड कैंसर में तीन गुना वृद्धि हुई है। यह मुख्यतः सर्जरी से ठीक होने वाला कैंसर है और सही इलाज मिलने पर 99 प्रतिशत मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं, लेकिन यदि यह सर्जरी प्रशिक्षित सर्जनों द्वारा न की जाए तो रोगियों की आवाज़, कैल्शियम संतुलन, पैराथायरॉयड कार्यप्रणाली और दीर्घकालिक नियंत्रण पर गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सर्जन को हर साल कम से कम 50-60 ऐसी सर्जरी का अनुभव होना चाहिए। मुझे खुशी है कि बीएमसी कॉन्क्लेव ने युवा सर्जनों को सीखने और इन तकनीकों को प्रदर्शित करने का अवसर दिया। कॉन्क्लेव उद्घाटन के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि बीएमसी कैंसर कॉन्क्लेव 2025 में सात देशों और पूरे भारत से आए शिक्षकों, ऑन्कोलॉजिस्ट्स, शोधकर्ताओं और प्रैक्टिशनर्स की मेजबानी कर रहा है। उनकी उपस्थिति न केवल हमारे राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ उन्नत स्वास्थ्य चर्चाओं और नवाचारों का केंद्र बन रहा है। यह कॉन्क्लेव वैश्विक अनुभव को स्थानीय स्वास्थ्य जरूरतों से जोड़ने की हमारी दृष्टि को साकार करता है।

## अग्रवाल नवयुवक मण्डल ने किया हाउजी का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा**



नगर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊँचाइयों पर ले जाते हुए अग्रवाल नवयुवक मण्डल ने हाउज़ी महाआयोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष आकर्षण के रूप में खरसिया की सुप्रसिद्ध म्यूज़िकल टीम ने अपनी मधुर व संगीतमय प्रस्तुतियों से पूरे कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। टीम के कलाकारों ने लगातार एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया और वातावरण को रोमांचक बना दिया। संगीत की सुर लहरियों और हाउज़ी के अंकों की गूंज ने पूरे पंडाल को उत्साह और उल्लास से भर दिया।

आयोजन की सफलता का प्रमाण है कि लगभग 4सौ से भी ज्यादा लोगों ने टिकट लेकर हाउज़ी में भागीदारी की। टिकट खिड़की से लेकर पंडाल तक लोगों की भीड़ ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि नगरवासी इस आयोजन को लेकर कितने उत्साहित थे। बच्चे, युवा, महिलाएँ और बुज़ुर्ग—सभी ने बड़े उत्साह के साथ खेल में भाग लिया और हर कॉलिंग नंबर पर तालियाँ व हंसी-ठिठोली से माहौल गूंजता रहा। हाउज़ी का हर राउंड रोमांचक रहा। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, वैसे-वैसे उत्सुकता और रोमांच अपनी चरम सीमा पर पहुँचते गए। अंततः कड़ी प्रतिस्पर्धा में सौरव अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता का नाम घोषित होते ही उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। विजेता को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर उनके उत्साह को और बढ़ाया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अग्रवाल नवयुवक मण्डल की ओर से उपस्थित सभी अग्रजनो के लिए रात्रिभोज (डिनर) की व्यवस्था की गई। स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी थालियों ने सभी का मन मोह लिया और आपसी मेल-मिलाप व सौहार्द का वातावरण और गहरा हो गया। नगरवासियों ने सर्वसम्मति से यह माना कि इस तरह का भव्य हाउज़ी आयोजन अब तक नहीं हुआ था। संगीत, मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन और खेल का ऐसा अद्भुत संगम सबके लिए यादगार साबित हुआ।

### सदस्यों ने कहा आवासीय विद्यालय से समाज के बच्चों को मिली शिक्षा

# कलेक्टर से मिले पिछड़ी संरक्षित जनजाति समाज के सदस्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



कोरबा। पिछड़ी संरक्षित जनजाति के सदस्य गुरूवार को कलेक्टर से भेंट कर समाज के लिए जिले में पहली बार संचालित होने वाले आवासीय विद्यालय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस आवासीय विद्यालय से उनके समाज के बच्चों को शहर में ही शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे अभी तक उनके समाज के बच्चे दूर थे।

मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पूर्व अपने कोरबा प्रवास के दौरान पिछड़ी संरक्षित जनजाति समाज के छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय की घोषणा करते हुए इसके लिए 5 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से आवासीय विद्यालय का संचालन एवं भवन का निर्माण हो सकेगा। मुख्यमंत्री के इस घोषणा के बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने आवासीय विद्यालय के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। गुरूवार को समाज के सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर आवासीय विद्यालय शुरू किए जाने हेतु मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनजाति आवासीय विद्यालय शुरू किए जाने की पहल प्रशासन के द्वारा जो की गई है उससे समाज के बच्चों को शहरी क्षेत्र में शिक्षा की सुविधा मिलेगी। आवास की सुविधा नहीं होने के कारण समाज के अधिकांश बच्चे 5वीं एवं 8वीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते थे। आवासीय विद्यालय उनके विकास का एक प्रमुख माध्यम बनेगा।

**योजनाओं का लाभ दिलाना उद्देश्य**

पिछड़ी संरक्षित जनजाति समाज के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रही शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना प्रमुख उद्देश्य है। आवासीय विद्यालय की घोषणा मुख्यमंत्री के द्वारा की गई है, इस पर कार्य शुरू किया जा रहा है।

\- **अजीत वसंत**, कलेक्टर

## सिटी बस सुविधा की मांग को लेकर सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

शहरवासियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से कोरबा में सिटी बस सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में समाजसेवी सुनील जैन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर एवं कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें में उल्लेख किया गया है कि शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है और लोगों को रोज़मर्रा की आवाजाही के लिए विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन की आवश्यकता है। फिलहाल शहर में बस सुविधा उपलब्ध नहीं होने से आम जनता को निजी वाहनों और ऑटो रिक्शा पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ के साथ-साथ यातायात अव्यवस्था भी बढ़ रही है। सुनील जैन ने कहा कि सिटी बस सुविधा शुरू होने से न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार जल्द ही इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर शहर की जनता को बड़ी राहत देगी।

**खास बात**

- सिटी बस के संचालन से शहरवासियों को मिलेगी सुविधा।

## खबर संक्षेप



### कॉमेडियन वीआईपी की देशभक्ति मिमिक्री और बॉलीवुड कलाकार का शानदार डांस ने जीता दिल

**गेवरा दीपका।** विश्वकर्मा पूजा उत्सव के अवसर पर प्रगति नगर श्रमवीर स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉमेडियन वीआईपी ने अपनी कॉमेडी और मिमिक्री से दर्शकों को इतना हंसाया कि पूरा स्टेडियम ठहाकों से गूंज उठा। इस दौरान जूनियर सलमान खान, बॉलीवुड अभिनेत्री रितु शिवपुरी, गायक रविश कुमार, यशश्री भावे और पी. कुमार सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। वीआईपी ने सैनिक की ड्रेस पहनकर सिंदूर थीम पर देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति दी। उन्होंने बंदूक और गोलाबारी की आवाजों की मिमिक्री कर ऐसा प्रभावशाली माहौल बनाया कि दर्शक भावुक भी हुए और प्रभावित भी। इसके साथ ही वी.आई.पी. ने देश के कई नामचीन कलाकारों और राजनीतिक नेताओं की आवाज निकालकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आवाज निकाली तो दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल, महाप्रबंधक संजय मिश्रा, दीक्षा महिला समिति और विश्वकर्मा पूजा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### बरपाली में हो रहा बहुप्रतीक्षित मूलभूत आवश्यकता वाली सीसी रोड का निर्माण



**बरपाली।** करतला विकासखण्ड स्थित ग्राम पंचायत बरपाली के युवा सरपँच भुनेश्वर बिंझवार द्वारा पिछले कुछ माह में ग्राम के विकास तथा निर्माण कार्यों में काफी तेजी लाई गई है। जिसमें बरपाली के बहुप्रतीक्षित सीसी रोड का निर्माण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है जो दशकों बीत जाने के बाद पहली बार अब बनाया जा रहा है। गेंदराम यादव घर से लेखराम घर की ओर वाली सड़क कई दशक से पक्की होने लिए पड़ी थी जिसे वर्तमान सरपँच भुनेश्वर बिंझवार द्वारा ग्राम के प्राथमिकता वाले काम की श्रेणी में रखकर त्वरित रूप से सीसी रोड बनाया जा रहा है। जिससे मोहल्ले वासियों व राहगीरों को काफी सुविधा होगी। यह सड़क बरपाली बस्ती से वार्ड 11 और 12 में आवागमन के लिए मुख्य रूप से इस्तेमाल किया जाता है। पिछले छः माह में ही सरपँच द्वारा ग्राम पंचायत में निर्माण संबंधी कई कार्य जैसे पीडीएस भवन, आंगनबाड़ी भवन व अन्य कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। इस संबंध में सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत बरपाली के हर मोहल्ले में मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, बिजली और पानी की उपलब्धता को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा और इसके साथ समाज कल्याण संबंधित कार्य जैसे जरूरत मंदों को पात्रतानुसार राशनकार्ड, वृद्धा पेंशन उपलब्ध कराना तथा ग्राम के पारंपरिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में सक्रिय भागीदरी मेरे द्वारा निभाया जाएगा।

### सेजस में चलाया गया स्वच्छता व माहवारी स्वच्छता अभियान

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में चंद्रमुखी साहू हेल्थकेयर शिक्षक के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा हाथ धुलाई, माहवारी स्वच्छता पर ब्यख्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ वीएस रघुवंशी होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा महिलाएँ अपने मासिक धर्म के दौरान अपने शरीर को साफ और स्वस्थ रखती हैं। इसमें सैनिटरी पैड, टैम्पोन या मासिक धर्म कप जैसे उत्पादों का सही इस्तेमाल करना, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, और ऐसे सुरक्षित वातावरण में रहना शामिल है जहाँ माहवारी का प्रबंधन सम्मानपूर्वक किया जा सके।

### स्वच्छता दीदियां कपड़े के थैले दुकानदारों को कराएंगी उपलब्ध

# सर्वमंगला मंदिर परिसर में महापौर एवं आयुक्त ने साफ- सफाई का किया कार्य



मंदिर परिसर में साफ सफाई करतीं महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत महापौर एवं आयुक्त ने माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्वच्छता की सेवा देते हुए साफ-सफाई किया। पूरे परिसर में झाड़ू लगाई, कचरा उठाया एवं पानी से परिसर की धुलाई कर परिसर को स्वच्छ किया। वहीं काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी मंदिर परिसर की साफ-सफाई में अपनी सहभागिता दी।

केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान संचालित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अभियान में भाग लेते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता देने पहुंचे नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी साफ-सफाई का कार्य किया व स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पार्षद रामाधार पटेल एवं ईश्वर पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर सुनील टांडे, पूर्व पार्षद दीपक यादव, उप अभियंता प्रमोद जगत, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, गिरवर विश्वकर्मा, उत्तम दास, सतानंद द्विवेदी, पुखराज यादव आदि उपस्थित थे। महापौर एवं आयुक्त की पहल पर निगम द्वारा माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया गया है। अब वहां पर स्थित दुकानों में प्लास्टिक कैरीबैग्स व डिस्पोजल आदि का उपयोग नहीं होगा। दुकानदार प्रसाद सामग्री कपड़ें के थैलों में रखकर श्रद्धालुओं को नारियल व पूजा सामग्री का विक्रय करेंगे, इस हेतु निगम की स्वच्छता दीदियों द्वारा निर्मित माँ सर्वमंगला का स्टीकर प्रिंट किए हुए थैले दुकानदारों को उपलब्ध कराया जाएगा या दुकानदार चाहें तो खुद भी उक्त थैले बनवाकर उनका उपयोग कर सकते हैं।

#### परिसर में प्लास्टिक थैलों का न करें उपयोग

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मंदिर परिसर स्थित प्रसाद विक्रेताओं, दुकानदारों के साथ नुक्कड़ बैठक की तथा माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाए जाने की जानकारी उन्हें दी, निगम की इस पहल का प्रसाद विक्रेताओं व दुकानदारों ने भी स्वागत किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग बिलकुल न करें तथा परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाए रखने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर निगम द्वारा स्वच्छता दीदियों द्वारा बनाए गए माँ सर्वमंगला का स्टीकर लगे कपड़े के थैले दुकानदारों को उपलब्ध भी कराए गए।

#### प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए घातक है

आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग व डिस्पोजल आदि का उपयोग करना एक ओर जहाँ स्वास्थ के लिए अत्यंत हानिकारक है, वहीं साफ-सफाई व पर्यावरण के लिए भी घातक है। उन्होंने प्रसाद विक्रेताओं, दुकानदारों को समझाईश देते हुए कहा कि निगम द्वारा माँ सर्वमंगला मंदिर के इस पवित्र परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया गया है तथा सम्पूर्ण परिसर में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। व्यवसायी इसमें अपना सहयोग दें तथा प्लास्टिक कैरीबैग आदि का उपयोग अपनी दुकानों में कदापि न करें। उन्होंने कहा कि निगम की स्वच्छता दीदियाँ कपडे के थैले बनाकर आपको उपलब्ध कराएंगी, साथ ही यदि आप चाहें तो खुद ही कपडे के थैले बनवा सकते हैं तथा उनका उपयोग अपनी दुकानों में कर सकते हैं।

## खेल के जरिए स्वस्थ देश के निर्माण की मुहिम देख हूं हर्षित : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्वस्थ और सशक्त समाज से ही देश समृद्ध बनता है। खेल के माध्यम से हमारे युवाओं, बच्चों में कल के सेहतमंद नागरिकों के निर्माण की एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना की मुहिम इस भवन में दिखाई दे रही है। आज खिलाड़ियों के इस कुंभ में आकर काफी अच्छा लग रहा है। इस क्लब को देखकर काफी हर्ष हो रहा है, जिसे संवारने और सहेजने के लिए काफी मेहनत की जा रही है।

उक्त बातें महापौर संजू देवी राजपूत ने शुक्रवार को कोरबा बैडमिंटन लीग सीजन 2 (केबीएल–2) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल और उनकी पूरी टीम को इसके लिए बधाई देना चाहती हूं। बूंद बूंद से ही घड़ा भरता है और आपके समर्पण को नमन करते हुए मैं मंच से एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के लिए एक लाख के सहयोग की घोषणा करती हूं। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना द्वारा मनोरंजन गृह, नगर पालिक निगम कॉलोनी में इस तीन दिवसीय कॉर्पोरेट बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान आयुक्त श्री पांडेय ने कहा कि जब कोई अफसर अन्यत्र जाता है तो यह चाहता है कि उनके लिए कार्य उनके जाने बाद भी स्मरण लिए जाएं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा नगर निगम की देश में एक पृथक पहचान कायम करे। इसके लिए निगमायुक्त, निगम की हमारी टीम कड़ी मेहनत कर रही है। उसी का परिणाम है जो 50वें नंबर पर रहने वाला हमारा कोरबा स्वच्छता में इस बार पूरे देश में आठवें पायदान पर आ गया। इस अवसर पर पूर्व अपर आयुक्त एवं कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक शर्मा, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, महेश गुप्ता, डॉ राजीव सिंह, कमलेश यादव शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव गोपाल शर्मा, डॉ शिरीन लाखे, डॉ बीबी बोर्डे, मधु पांडेय, मनीष गुप्ता, सोनल फेलिक्स, भूषण उरांव, सुमेर सिंह राजपूत, जोगेश सामंतो, कोच अमरजीत व सादाब, अवधेश यादव, प्रतीक वैष्णव, अंकित देवांगन, सुधांशु शर्मा, ओपी साहू, नरसिंह भोई, जगदेव सिंह, श्याम अग्रवाल, नितिन गुप्ता, सूर्यकांत, मीडिया प्रभारी विकास पाण्डेय, संतोष समेत एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना की पूरी टीम सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्कूल में पहले प्रतिदिन लगती है योग की कक्षाएं



छात्र छात्राओं को योगा सिखातीं योग शिक्षिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

योगा की कक्षाएं सभी स्कूलों में लगाये जाने के निर्देश मिलने के बाद शहर के कुछ स्कूलों में इसकी शुरुआत भी कर दी है। आयुष विभाग के आरोग्य मंदिर के समीप संचालित शासकीय स्कूलों में विभाग के योगा प्रशिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन सुबह स्कूल शुरु होने के पूर्व योगा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शहर के बालको नगर के वार्ड क्रमांक 40 पाडीमार आरोग्य मंदिर के समीप चल रहे प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में आरोग्य मंदिर की योगा प्रशिक्षिका के द्वारा प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे सप्ताह में तीन दिन स्कूल के छात्र छात्राओं को योगा सिखाया जा रहा है। इस दौरान प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला के लिए अलग अलग दिन निर्धारित हैं। जिसमें प्रतिदिन 35 से 40 छात्र छात्राएं उपस्थित हो रहे हैं। जिला आयुष विभाग के द्वारा शहर के अन्य स्कूलों में भी योग का प्रशिक्षण देने की तैयारी की गई है। पाड़ीमार आरोग्य मंदिर की योगा प्रशिक्षिक के द्वारा गर्ल्स व बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में भी योगा की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। शहर के अन्य स्कूलों में भी योगा की कक्षाएं संचालित करने की तैयारियां की जा रही है। आयुष विभाग में पदस्थ योगा प्रशिक्षिकों को इसके लिए निर्देश भी दिए गए हैं। शहर में एक मात्र डिस्पेंरी बालको क्षेत्र में ही संचालित हैं। इनके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी आयुष विभाग की डिस्पेंरी के समीप चल रहे प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल के छात्र छात्राओं को योगा प्रशिक्षण दे रही हैं।

#### खास बात

- छात्र छात्राओं को दिया जा रहा है योगा का प्रशिक्षण

#### सप्ताह में होता है स्वास्थ्य परीक्षण

स्कूली छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य भी सप्ताह में एक दिन किया जा रहा है। आयुष चिकित्सकों के द्वारा आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा दी गई है। इनके अलावा आसपास के क्षेत्र के निवासियों को भी योगा का प्रशिक्षण देने के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है।

## वेतन बढ़ाने और नियमितीकरण की मांग को लेकर आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धरने में बैठे आंबा कार्यकर्ता व सहायिका।

वेतन विसंगती को दूर करने सहित नियमितिकरण और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने शुक्रवार को घंटाघर चौक में एक दिवसीय धरना देकर सरकार के खिलाफ वायदा खिलाफी का आरोप लगाया। कार्यकर्ता व सहायिकाओं के हड़ताल में शामिल होने के कारण शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के कई आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित शासकीय योजनाएं के कार्य प्रभावित हुए।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन के द्वारा कार्यकर्ताओं के नियमितिकरण सहित शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने एवं अन्य मांगों को लेकर सुबह 11 बजे से घंटाघर चौक में एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों में पदस्थ कार्यकर्ता व सहायिका शामिल हुए। धरने को संघ के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी तरह के मैदानी स्तर के शासकीय कार्य जिसमें सर्वे, जनगणना एवं गांव की आर्थिक जानकारी तथा समूहों को प्रशिक्षण जैसे सभी कार्य उनसे कराये जा रहे हैं। उसके एवज में उन्हें मात्र 10 हजार रुपए का मानदेय दिया जाता है। उनकी उपस्थिति को लेकर शासन की ओर से लगातार नए नियम बनाये जा रहे हैं। अब हर केंद्र में कार्यकर्ता को आनलाइन उपस्थिति देने अनिवार्य किये जाने के बाद भी उनके रिकार्ड अपडेट नहीं किए जा रहे हैं। उनसे ऑनलाइन कार्य कराये जाने का दबाव बनाया जा रहा है। आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेदिक डिपार्टमेंट द्वारा स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नारियों के स्वास्थ्य की प्रति बहुत ही विशेष जागरूकता दी जा रही है और महिलाओं के शरीर में रक्त की कमी और एनीमिया का परीक्षण कर महिलाओं को जागरूक बनाया जा रहा है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्ची महिलाओं को मेडिटेशन के द्वारा अपने मन और तन एवं आत्मा को एकाग्र और शांत एक चित करने का प्रयास है।

#### खास बातें

- लंबे समय से यूनियनों के द्वारा किया जा रहा संघर्ष
- कई केंद्रों में प्रभावित हुए कल्याणकारी योजनाओं के कार्य

## स्वास्थ्य पर व्याख्यान एवं किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एनटीपीसी लारा ने गुरूवार को शासकीय विद्यालय महलोई की किशोरियों के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य युवा प्रतिभागियों में स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार को बढ़ावा देना और आवश्यक स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। सीएमओ एनटीपीसी डॉ.कल्पना तायडे ने कुपोषण, मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर केंद्रित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर एक ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। उनके सत्र का उद्देश्य किशोरियों को स्वस्थ आदतों और स्व-देखभाल के महत्व के बारे में ज्ञान प्रदान करना था। डॉ.तायडे ने युवतियों को समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि कैसे दैनिक आदतों में छोटे-छोटे बदलाव दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, स्वच्छता किट वितरित की गईं और उनमें शामिल वस्तुओं के उपयोग के बारे में भी बताया गया। उपस्थित प्रत्येक युवती को प्रदान कीगई इन कीटों में आवश्यक स्वच्छता उत्पाद शामिल थे, जो उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करेंगे। यह सत्र युवा लड़कियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्व-देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। इसमें मासिक धर्म, कुपोषण और रोग निवारण जैसे विषयों पर खुली बातचीत के महत्व को रेखांकित किया गया, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

## राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो प्रदर्शनी में ग्राहकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**बिजनेस न्यूज**

राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ओपन थियेटर मैदान में संचालित हो चुकी है। संचालक अनिल यादव ने बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अर्थेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं कोरबा में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। त्यौहार पर्व के शुभ अवसर पर सामानों की खरीदी कर विशेष आकर्षक की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान ग्राहकों हेतु रखे गये हैं।

### राष्ट्रीय जूनियर किकबाक्सिंग प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ की टीम रवाना

# विभिन्न जिलों के 33 किकबॉक्सर और 7 आफिशियल टीम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



किक बॉक्सिंग के खिलाड़ी व कोच।

वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में सोलन में 22 से 26 सितंबर तक जूनियर (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 700 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन कोरबा में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग प्रतियोगिता एवं गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के 33 बालक बालिका खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, धमतरी मुंगेली, रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदिवान, ऑफिसियल प्रभात साहू, लोकिता चौहान,,सर्वर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू, वरुण बाग के साथ हिस्सा ले रहे। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से बालक वर्ग में रजत गोयल, आमीन खान, सुयश नामदेव, मयंक सिंह एवं बालिका वर्ग में आस्था गुप्ता , सिद्धि सिंह सोनवानी भाग ले रहे। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया है कि यह चैंपियनशिप पूरी तरह से डिजिटल है, यानी, सदस्य पंजीकरण, इवेंट भागीदारी, स्कोरिंग, परिणाम सभी ग्लोबल स्पोर्टडेटा इवेंट मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे एवं प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र भारत सरकार के ऐप डिजी लाकर में भी अद्यतन किए जाएंगे।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा केन्द्रों का शुभारंभ

**कोरबा।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबरतक आदि सेवा पर्व एवं सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के चिन्हांकित समस्त 479 ग्रामों में 17 सितम्बर को आदि सेवा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया है। इन आदि सेवा केन्द्रों में सेवा पखवाड़ा के दौरान आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार पत्र बनाने संबंधी कार्य किये जाएंगे। शासन के मंशानुरूप प्रत्येक गांवों में 20.20 वालेन्टियर्स आदि साथी एवं आदि सहयोगी के रूप में लगभग 10 हजार वालेन्टियर्स की टीम तैयार की गई है, जो ग्रामीणों की मांग, शिकायत एवं समस्याओं को शासन तक सीधे पहुंचाने का कार्य करेगी । यह टीम ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, युवाओं के साथ 17 से 30 सितम्बर के मध्य ग्राम के संपूर्ण क्षेत्रों का भ्रमण करेगी तथा विजन 2030 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में विलेज एक्शन प्लान तैयार करेगी तथा 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर तैयार की गई विलेज एक्शन प्लान को सर्व सहमति से अनुमोदन करेगी । ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित विलेज एक्शन प्लान को विलेज नोडल अधिकारी द्वारा भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्धारित पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

### हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदपुर में नए प्राचार्य हुए पदस्थ



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदपुर में नए प्राचार्य की पदस्थापना पर प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा का जिला कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर के द्वारा स्वागत किया गया। प्रभारी प्रधानपाठक सागर टंडन को स्थानांतरण कर नये प्राचार्य की पदस्थापना शिक्षा विभाग ने की है। इस दौरान उनके साथ में प्रभारी प्राचार्य श्री भार्गव, लकेश्वर राजवाड़े, प्रमोद राठौर, गजेंद्र साहू, नीतीश साहू, शिवशंभु केंवट, अविनाश बियार उपस्थित रहे।

### विशेष शर्मा बने एमडीपी कटघोरा कालजे के एनएसयूआई अध्यक्ष



**कोरबा।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने विशेष शर्मा को मुकुटधार पाण्डेय कॉलेज कटघोरा का एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री राठौर ने बताया कि लगातार कई वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं हो पा रहा था। जिससे छात्रों को राजनीतिक मंच नहीं मिल पा रहा था और लीडरशिप करने का मौका नहीं मिल पा रहा था। अब हर कॉलेज में छात्रों को नेतृत्व करने का मौका देंगे। इस दौरान एनएसयूआई कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिंह, वेंडी, कटघोरा ब्लाक अध्यक्ष अमन महंत, अवतार चौहान, चित्रांश अनंत, उमेश महंत, अभिषेक नीलेश, और कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग के द्वारा चलाया जा रहा सेवा पखवाड़ा अभियान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा जिला ऑटो डीलर संघ, जिला बस संघ, जिला ऑटो संघ, परिवहन सुविधा केंद्र एवं समस्त प्रदूषण जांच केंद्रों में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितंबर से प्रारंभ सेवा पखवाड़े के पहले दिन जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्तदान किया गया। 18 सितंबर को समस्त स्कूल बस ड्राइवर के निशुल्क नेत्र जांच परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 60 से अधिक स्कूल बस ड्राइवर ने अपने नेत्र जांच कराई। 19 सितंबर को सफाई अभियान को लेकर अपने-अपने कार्यालय परिसर और आस पास में साफ सफाई का आयोजन किया गया।

### करतला, बरपाली और कोरबी तहसील में सामने आए है मामले

# राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर सरकारी जमीनों को निजी कराने की चल रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा अनुविभाग के तहसील अंतर्गत शासकीय भूमि के राजस्व रिकार्ड में हेरा फेरी कर निजी खाते में दर्ज किये जाने के मामले के शिकायत के बाद हुई जांच में खुलासा होने पर सभी शासकीय जमीनों को वापस शासकीय मद में दर्ज कर दिया गया है। किंतु इन मामलों की जांच भी विभागीय स्तर पर अभी भी जारी है।

**खास बात**

- खुलासा होने के बाद सभी जमीन शासकीय मद में की गई दर्ज



बीते दो माह में शासकीय जमीनों को निजी खाते में दर्ज कर प्रदेश के अन्य जिलों की निजी बैंकों से लोन लिए जाने के मामले का खुलासा होने के बाद प्रशासन ने अपने स्तर पर इसकी जांच शुरु कर दी है। अब तक तीन प्रकरण सामने आ चुके हैं और तीनों की मामलों में हल्का पटवारियों को निलंबित किया जा चुका है। रिकार्ड में फर्जीवाड़ा पटवारी हल्का के आईडी से ही किये जाने पर प्रारंभिक जांच में पटवारियों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है। पहला मामला कोरबा अनुविभाग के करतला तहसील के सामने आया था जहां पटवारी ने 2 सौ एकड़ शासकीय जमीन को निजी खाते में दर्ज कर दिया था और इस जमीन के एवज में प्रदेश के अन्य जिलों से लोन ले लिए गए थे। इसी तरह दूसरा मामला कोरबा अनुविभाग बरपाली का सामने आया था यहां भी शासकीय रिकार्ड में हेरा फेरी कर शासकीय जमीन को निजी खाते में दर्ज कराया गया था और यहां भी उक्त जमीन के रिकार्ड के आधार पर बेमेतरा जिले के बैंक से लोन लिया गया था। तीसरा प्रकरण पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग के कोरबी तहसील का सामने आया था। यहां भी पटवारी हल्का आईडी के माध्यम से ही राजस्व रिकार्ड में छेड़छाड़ कर निजी खाते में दर्ज कराकर बेमेतरा और दुर्ग के बैंक से लोन लेने का मामला सामने आया था।

**जिले के रिकार्ड को बनाया जा रहा निशाना**

भूमाफियाओं के द्वारा जिले के पटवारी हल्का के राजस्व रिकार्ड को हेरफेर कर प्रदेश के अन्य जिले से लोन लेने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। लगातार तीन प्रकरण सामने आने के बाद और तीनों के तार दुर्ग, बेमेतरा से जुड़े होने के कारण इसकी गहराई से जांच प्रशासन के द्वारा अपने स्तर पर कराई जा रही है। हालांकि अभी तक यह मामला सायबर में नहीं पहुंचा है किंतु इस मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

## खदान में लगातार हो रहे हैवी ब्लॉस्टिंग से हरदीबाजार के रहवासी दहशत में



ब्लास्टिंग से गिरा छत का प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दीपका क्षेत्र में स्थित एसईसीएल खदान से होने वाली लगातार हैवी ब्लास्टिंग ने स्थानीय रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है। खदान अब हरदीबाजार से महज 300 मीटर की दूरी पर पहुँच चुकी है और शुक्रवार को ही दिन भर में चार बार जोरदार ब्लास्टिंग की गई। इन धमाकों से आसपास के घरों में झटके महसूस किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे दीवारों में दरारें पड़ रही हैं और बच्चों-बुजुर्गों को डर और असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग धूल और कंपन से सेहत पर असर पड़ने की आशंका भी जता रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस विषय पर कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक कार्यवाही का आश्वासन ही मिला है। उनकी मांग है कि प्रशासन और कंपनी प्रबंधन ब्लास्टिंग की प्रक्रिया को सुरक्षा मानकों और नियमानुसार नियंत्रित करें, ताकि गांव के लोग सुरक्षित रह सकें। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रबंधन और जिला प्रशासन इस मुद्दे पर कब और क्या कदम उठाते हैं, क्योंकि हरदीबाजार में स्थिति दिन-ब-दिन तनावपूर्ण होती जा रही है।

## 32 दिनों की हड़ताल के बाद वापस काम पर लौटे एनएचएम कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शासन की सख्ती और समझाइश के बाद आखिरकार शुक्रवार को 32 दिनों की हड़ताल के बाद एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मी वापस लौट आए है। शासन के आखिरी चेतावनी के बाद देर शाम तक सभी जिलों में एनएचएम कर्मियों ने अपनी हडताल समाप्त कर ज्वाइनिंग दे दी है। हड़ताल समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई जा रही है शनिवार से एक बार फिर ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर लौट आएगी और लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस बीच एनएचएम कर्मियों के ज्वाइनिंग का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। इन कर्मचारियों की हड़ताल से पीएचसी, सीएचसी, सब हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो गई थी और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान एनएचएम संघ ने प्रदेशभर में अलग अलग तरीके से प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया जबकि शासन की ओर से हडतालीकर्मियों को वापस काम पर लौटने की समझाइश दी जा रही थी। शासन की ओर से संघ की पांच मांगों को मानने का आश्वासन भी दिया गया लेकिन एनएचएम कर्मी अपनी ग्रेड पे सहित अन्य मांगों के लिए घोषणा और लिखित में आश्वासन की मांग पर अड़े थे। ऐसे में शासन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्हें 16 सितम्बर की शाम 5 बजे तक काम पर वापस लौटने का निर्देश दिया था। लेकिन एनएचएम कर्मी अपनी हडताल पर अडिग रहे ऐसे में शासन ने सभी को एक माह का वेतन देते हुए बर्खास्त करने के निर्देश दिए थे और इस दिशा में प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। सूरजपुर जिले में 594 लोगों को बर्खास्त कर दिया गया था जबकि सरगुजा और बलरामपुर जिले में प्रक्रिया चल रही थी। सरगुजा और बलरामपुर जिले से भी बर्खास्तगी का अनुमोदन कर भेज दिया गया था लेकिन इस बीच देर शाम स्वास्थ्य मंत्री ने एक बार फिर संघ से बात कर उन्हें अंतिम मौका दिया।

## तेज रफ्तार जेसीबी गिरा नहर में, चालक लापता, रेस्क्यू टीम लगी खोजबीन में



नहर से जेसीबी को बाहर निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक देर शाम को जेसीबी से काम खत्म कर जेसीबी वाहन को लेकर अपने गृहग्राम जा रहा था कि उसकी तेज रफ्तार जेसीबी वाहन नहर मार्ग में अनियंत्रित हो गई और सीधे नहर में जा गिरी। अलसुबह जब पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली तो पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी के चालक की खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। घंटे मशक्कत के बाद किसी तरह जेसीबी वाहन को बाहर निकाला गया। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी लापता जेसीबी चालक का कुछ पता नहीं चल पाया है। जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**खास बातें**

- उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरमाल के समीप हुई घटना
- नहर में डूबे जेसीबी को पुलिस से निकाला बाहर, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरमाल नहर के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम संडैल निवासी अमित पटेल 24 वर्ष पिता अशोक पटेल जेसीबी का चालक है जो लक्ष्मी कुर्रे नामक युवक का जेसीबी का संचालन करता है। बताया जाता है कि ग्राम भलपहरी में जेसीबी को अमित पटेल चला रहा था और गुरुवार की देर शाम भलपहरी से ग्राम संडैल जा रहा था कि देर रात उसकी जेसीबी वाहन रोड पर अनियंत्रित हो गई और देवरमाल के पास सीधे नहर में जा गिरी। नहर में पानी की रफ्तार तेज होने की वजह से अमित पटेल वाहन को संभाल नहीं पाया और वह सीधे नहर के पानी में समा गया। शुक्रवार की सुबह जब घटना की सूचना ग्रामीणों को मिली तो उन्होंने इसकी सूचना उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को दी। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से जेसीबी चालक अमित पटेल की आसपास क्षेत्र में घंटों खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं दूसरी ओर घटनास्थल पर दूसरा वाहन बुलाया गया और नहर में गिरे जेसीबी वाहन को किसी तरह खींचकर बाहर निकाला गया। पुलिस का कहना है कि गोताखोरों की टीम अमित पटेल की खोजबीन में जुटी हुई है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

**लापता युवती का नहीं मिला सुराग**

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी नगर अटल आवास निवासी शीलू त्रिपाठी और काशीनगर निवासी राहुल नामदेव बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे लेकिन जब शीलू त्रिपाठी के परिजनों को इस प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उन्होंने शादी से इनकार कर दिया था जिसके बाद दोनो प्रेमी जोड़े ने गुरुवार को सर्वेश्वर एनिकट में छलांग लगा दी थी। युवक को पुलिस ने बचा लिया था लेकिन शीलू त्रिपाठी का अब तक पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार को गोताखोरों की टीम हसदेव नदी में सुबह से देर शाम तक शीलू की खोजबीन करती रही लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं मिल पाया।

### छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष लेंगे अधिकारियों की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं उपाध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकांति वर्मा द्वारा जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली जाएगी।

## लाखों की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठियापाली निवासी हाल मुकाम पथर्रीपारा निवासी श्रीमति उमेंद बाई महंत उम्र 52 वर्ष पति अनुप दास महंत ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मजदूरी कर जीवनयापन का कार्य करती है। उमेंद बाई को रकम की आवश्यकता पड़ने पर उमेंद बाई के के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 790/11 जिसका रकबा 0.81 भूमि को बेचने के लिए कामता प्रसाद महंत पिता मोहित राम महंत पता पठियापाली थाना उरगा जिला कोरबा छ.ग. हा.मु. सीएसईबी कॉलोनी क्वा.नं. सुपर एफ 541 दुर्गा पंडाल के पास के निवासी को ग्राहक ढूंढने के लिए सौंपा गया था उक्त रकबा खसरा नंबर की भूमि कामता प्रसाद महंत के द्वारा कुशवंत कुमार सतनामी पिता स्व. भगत राम सतनामी उम्र 35 वर्ष निवासी बांकीमोंगरा थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा छ.ग. से खरीदने की बातचीत होने के उपरांत 14 लाख 50 हजार रूपये में खरीदी बिक्री करने के लिए सौदा हुआ सौदा होने के उपरांत रजिस्ट्री 17 हजार को रजिस्ट्री होने के उपरांत रजिस्ट्री कार्यालय में मुझे 8 लाख दिया गया शेष रकम 6 लाखा 50 हजार रूपये को उमेंद बाई के द्वारा कामता प्रसाद महंत को दे देने की बात कुशवंत सतनामी को बोली गयी कि कामता प्रसाद महंत को शेष बचे हुए 6 लाख 50 हजार रूपये को देने की बात बोली गयी थी तो कुशवंत सतनामी के द्वारा 6 लाख 50 हजार रूपये को उमेंद बाई के बोले गये बातो के उपरांत कामता प्रसाद महंत को 6 लाख 50 हजार रूपये को दिया गया। उमेंद बाई के द्वारा रकम की मांग करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये को कमीशन है उमेंद बाई बोलकर कामता प्रसाद 5 लाख रूपये को आज दूंगा कल दूंगा बोलते हुए दो-तीन माह तक घुमाता रहा। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पठियापाली का मामला।

### सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 20 सितंबर को घंटाघर चौक से निर्मला स्कूल तक प्रातः 7 बजे से 7.30 बजे तक नशामुक्त मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन में कालेज के छात्र-छात्राएं, स्काउट गाइड सहित आम नागरिक भाग ले सकेंगे। इसी कड़ी में 21 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीएसईबी पूर्व में प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं खेलकूद का कार्यक्रम रखा गया है।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina
Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## निगम को मिली 94.40 लाख की सौगात, 7 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सीएम के साथ उद्योग मंत्री श्री देवांगन, महापौर एवं अन्य।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा वाणिज्य एवं सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयास से नगर निगम क्षेत्र को 94 लाख 40 हजार रुपये की विकास योजनाओं की सौगात मिली है। जिला खनिज न्यास निधि की बैठक में निगम के लिए 7 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है। इन कार्यों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से लेकर सौंदर्यीकरण तक के प्रोजेक्ट शामिल हैं। इस उपलब्धि का श्रेय महापौर संजू देवी राजपूत के सतत प्रयासों और नेतृत्व को भी जाता है। महापौर ने इस स्वीकृति को नगर के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार जताया है। स्वीकृत कार्यों में टीपी नगर चौक एवं सीएसईबी चौक के पास नागरिकों के लिए दो वेटिंग शेड 32.30 लाख, वार्ड 35 न्यू हाउसिंग बोर्ड खरमोरा में सीसी रोड 15 लाख, वार्ड 26 रविशंकर नगर स्थित वाल्मीकि आश्रम के पास चबूतरा व रेलिंग निर्माण 1.50 लाख, वार्ड 32 महालक्ष्मी इंटरप्राइजेस से सुरेश चंद्र मंगल के घर तक सीसी नाली 6 लाख, वार्ड 32 यादव से सीपी पटेल के घर तक सीसी रोड व आरसीसी नाली 6 लाख, वार्ड 20 सामुदायिक भवन में किचन शेड 4 लाख, वार्ड 36 100 बेड अस्पताल परिसर में वोटिंग हॉल 39.60 लाख के कार्य शामिल हैं। सभी योजनाओं से न केवल नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि नागरिकों को सीधा लाभ भी मिलेगा। राज्य सरकार की ट्रिपल इंजन नीति के तहत यह विकास कार्य आम जनता की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किए गए हैं। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। यह पहल कोरबा शहर को नए विकास पथ की ओर ले जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
30 अक्टूबर 2025
20 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्रांति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)